आज का मौसम
अधिकतम 38° C
न्यूनतम 29° C
सूर्य अस्त (आज) 7:22
सूर्य उदय (कल) 5:30

दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
# जीत समाचार
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

अनमोल वचन
“ ज्ञान की सबसे बड़ी खुद को जानना है। - महात्मा गांधी”

वर्ष : 13 अंक : 295 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8
सोमवार 13 जुलाई 2026
RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## संक्षिप्त न्यूज

### ईपीएफओ ने छूट प्राप्त पीएफ ट्रस्टों के लिए शुरू की माफी योजना-2026

नई दिल्ली(एजेंसी)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने माफी योजना-2026 की शुरुआत की है। इस योजना के तहत आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त छूट के साथ भविष्य निधि (पीएफ) ट्रस्ट संचालित करने वाले प्रतिष्ठानों को अपनी अनुपालन स्थिति नियमित करने का एकमुश्त अवसर प्रदान किया जाएगा।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि यह योजना छह महीने की अवधि तक प्रभावी रहेगी। इसका लाभ उन प्रतिष्ठानों को मिलेगा जो आयकर अधिनियम, 1961 के तहत मान्यता प्राप्त भविष्य निधि ट्रस्ट का संचालन कर रहे हैं।

मंत्रालय के अनुसार, पात्र प्रतिष्ठानों को योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय में ई-मेल के माध्यम से औपचारिक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

गौरतलब है कि छूट प्राप्त भविष्य निधि ऐसी व्यवस्था होती है, जिसमें नियोक्ता कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान को सीधे ईपीएफओ में जमा करने के बजाय, स्वीकृत निजी ट्रस्ट के माध्यम से उसका प्रबंधन करता है। माफी योजना-2026 का उद्देश्य ऐसे प्रतिष्ठानों को नियामकीय अनुपालन सुनिश्चित करने और लंबित प्रक्रियाओं को नियमित करने का अवसर प्रदान करना है।

### इंदौर से शुरू हुआ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, 21 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य



मध्य प्रदेश/इंदौर(एजेंसी)। मोहन यादव ने रविवार को इंदौर में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत पूरे मध्य प्रदेश में 21 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही 51 हजार वर्षा जल संचयन इकाइयों की स्थापना की भी योजना बनाई गई है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जल संचयन को जन-आंदोलन का रूप देना है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

इस अवसर पर कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों, गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओ), छात्रों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

राज्य सरकार ने लोगों से ऐसे जन-अभियानों से जुड़कर वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की अपील की।

# अहमदाबाद में 405 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, अमित शाह ने शुरू किया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान



अहमदाबाद(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में नगर निगम की 405 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विशाल पौधारोपण अभियान का भी शुभारंभ किया। अभियान के अंतर्गत उनके लोकसभा क्षेत्र गांधीनगर में एक ही दिन में 1.25 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने वर्ष 2029 के चुनाव तक निर्वाचन क्षेत्रों में पौधारोपण गतिविधियों को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने की दीर्घकालिक पर्यावरणीय रूपरेखा का उल्लेख किया। उन्होंने नागरिकों से सोलर रूफटॉप अपनाने की अपील करते हुए कहा कि बरगद, पीपल, जामुन और अर्जुन जैसी स्वदेशी प्रजातियों के पौधे शहरों का तापमान कम करने, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहमदाबाद में 101 नए ऑक्सीजन पार्कों का भी उद्घाटन किया गया। साथ ही इन पार्कों की जानकारी को समाहित करते हुए एक समर्पित ई-बुक भी जारी की गई।

गृह मंत्री सोमवार को गांधीनगर में 11वीं इंटरपोल डिजिटल फहरेंसिक विशेषज्ञ समूह की बैठक का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वे राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित पहली अंतरराष्ट्रीय जांचकर्ता अपराध प्रतिस्पर्धा का भी शुभारंभ करेंगे।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव रविवार को लाड़ली बहना योजना की 38वीं किस्त करेंगे जारी

मध्य प्रदेश/भोपाल(एजेंसी)। मोहन यादव रविवार को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 38वीं मासिक किस्त जारी करेंगे। भिंड जिले के लहार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 1,835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित करेंगे।





योजना के तहत पात्र महिलाओं को नवंबर 2025 से प्रति माह 1,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव लगभग 239 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुई 40 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इसके साथ ही वे 83 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 16 नई लोककल्याणकारी परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं के विकास, जनसेवाओं के विस्तार और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# दक्षिण की कोकिला एस. जानकी का 88 वर्ष की आयु में निधन

मैसूर(एजेंसी)। दक्षिण भारतीय सिनेमा की दिग्गज पार्श्व गायिका एस. जानकी का रविवार को कर्नाटक के मैसूर में 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उनके निधन से भारतीय संगीत जगत में शोक की लहर है।



छह दशकों से अधिक लंबे अपने शानदार करियर में एस. जानकी ने कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं में लगभग 48 हजार गीत गाए। अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज के कारण उन्हें 'दक्षिण की कोकिला' के नाम से जाना जाता था। उन्होंने कई पीढ़ियों के फिल्म कलाकारों के लिए अपनी आवाज दी और भारतीय सिनेमा को अनेक यादगार गीतों की सौगात दी।

उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 4 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 33 राज्य स्तरीय पुरस्कार और भारत सरकार के प्रतिष्ठित पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया था।

एस. जानकी का निधन भारतीय संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनके अमर गीत और संगीत के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

## नेशनल कॉन्फ्रेंस विधायकों को खरीदने के आरोप पर भाजपा का उमर अब्दुल्ला पर पलटवार



नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों को अपने पक्ष में करने के लगाए गए आरोपों की कड़ी आलोचना की है।
दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का बयान गैर-जिम्मेदाराना है और इसकी निंदा की जानी चाहिए।
सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अपनी सरकार की कथित अक्षमता और कुप्रशासन से जनता का ध्यान हटाने के लिए इस प्रकार के निराधार आरोप लगा रहे हैं।
उन्होंने कहा कि यदि उमर अब्दुल्ला के पास अपने आरोपों के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाना चाहिए।
भाजपा ने मुख्यमंत्री से मांग की कि वे या तो अपने आरोपों के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करें, अथवा इस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

## समाज सुधारकों की विरासत का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्यः उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन




नई दिल्ली(एजेंसी)। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि देश के महान समाज सुधारकों की विरासत का सम्मान करना और उसे आगे बढ़ाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने यह बात नई दिल्ली के द्वारका स्थित मन्नम इंटरनेशनल सेंटर में समाज सुधारक एवं स्वतंत्रता सेनानी मन्नाथ पद्मनाभन की प्रतिमा के अनावरण तथा 'मन्नम स्मृति मंडपम' के उद्घाटन समारोह में कही।
अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने मन्नाथ पद्मनाभन के सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा और सामुदायिक सेवा के प्रति आजीवन समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समावेशी और सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण के लिए प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि मन्नाथ पद्मनाभन का जीवन शिक्षा, समाज सुधार, आत्मनिर्भरता और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा।
श्री राधाकृष्णन ने कहा कि जब समाज सुधार की अवधारणा व्यापक रूप से स्थापित नहीं हुई थी, तब मन्नाथ पद्मनाभन ने वंचित वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी सक्रिय भागीदारी और महात्मा गांधी के साथ मिलकर सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा में निभाई गई भूमिका का भी उल्लेख किया।
उपराष्ट्रपति ने ऐतिहासिक वायकोम सत्याग्रह में मन्नाथ पद्मनाभन की सक्रिय भागीदारी को भारत के समाज सुधार आंदोलन का एक महत्वपूर्ण अध्याय बताया।
कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक पौधा भी लगाया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री सुरेश गोपी, नायर सर्विस सोसायटी (एनएसएस) दिल्ली के अध्यक्ष एम. के. जी. पिल्लई, महासचिव एम. डी. जयप्रकाश सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## राम मंदिर चढ़ावा विवादः पीएम की चुप्पी पर कांग्रेस हमलावर, संसद में घेराव की तैयारी



जीत समाचार नई दिल्ली(एजेंसी)। अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी को लेकर कांग्रेस ने सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 'चंदा चोरी' के खुलासे को एक महीना बीत चुका है, लेकिन हर चीज का श्रेय लेने वाले पीएम मोदी इस पर पूरी तरह मौन हैं। उन्होंने इसे आस्था के साथ सुनियोजित विश्वासघात बताते हुए मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच और फहरेंसिक अहडिट कराने की मांग की है। कांग्रेस इस मुद्दे पर देशभर में 26 जगहों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुकी है और आगामी संसद सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी में है। वहीं, भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और विपक्ष हिंदुओं को बांटने की राजनीति कर रहा है।

# अमरीका के 140 सैन्य ठिकानों पर हमलों के जवाब में ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की घोषणा की

अमरीका(एजेंसी)।अमरीका ने रविवार सुबह ईरान पर फिर से हवाई हमले किए हैं। ये हमले ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में एक वाणिज्यिक पोत पर हमला किए जाने के बाद किए गए। ईरान के हमले में पोत में आग लग गई थी और चालक दल को उसे छोड़ना पड़ा था।
अमरीकी सेंट्रल कमान ने बताया कि हमलों में ईरान के लगभग 140 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें मिसाइल, ड्रोन और संचार ढांचा शामिल हैं।
जवाबी कार्रवाई में ईरान ने बहरीन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब




अमीरात को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन हमले किए। कतर और कुवैत ने कहा कि उन्होंने आने वाली मिसाइलों और ड्रोन को बीच में ही मार गिराया, जबकि बहरीन ने भी मिसाइल अलर्ट जारी किया। ईरान ने जहर्डन स्थित एक अमरीकी सैन्य अड्डे पर भी हमला करने का दावा किया है।
ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने अगली सूचना तक होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है और चेतावनी दी है कि यदि अमरीकी हमले जारी रहे तो वह भी जवाबी कार्रवाई करेगा।

# कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का 74 वर्ष की आयु में निधन, पीएम मोदी ने शोक व्यक्त किया

कतर(एजेंसी) । कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने इस खाड़ी देश को कूटनीति, मीडिया और निवेश के क्षेत्र में प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया था। शेख हमद ने क्षेत्रीय परंपरा को तोड़ते हुए 2013 में स्वेच्छा से अपने बेटे को सत्ता सौंपने से पहले 18 वर्षों तक कतर पर शासन किया। उनके नेतृत्व में कतर एक वैश्विक ऊर्जा शक्ति के रूप में उभरा। उन्होंने अल जजीरा समाचार नेटवर्क की शुरुआत की, अंतरराष्ट्रीय निवेश का विस्तार किया और 2022 फीफा विश्व कप की सफलतापूर्वक



मेजबानी की।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।
सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि शेख हमद बिन खलीफा अल थानी दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने कतर को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि भारत उन्हें एक सच्चे मित्र के रूप में हमेशा याद रखेगा।
प्रधानमंत्री ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी, शाही परिवार और कतर की जनता के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को 17 जुलाई को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी: कृष्ण कुमार बेदी

## कैबिनेट मंत्री ने तैयारियों का जायजा लिया, रैली में पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों पर रहेगा जोर

जीत समाचार ब्यूरो, जींद/नरवाना ।हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि आगामी 17 जुलाई का दिन न केवल जींद बल्कि पूरे हरियाणा के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक दिन देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारत की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन को जंक्शन रेलवे स्टेशन जींद से हरी झंडी दिखाकर सोनीपत के लिए रवाना करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जींद में आयोजित एक विशाल जनसभा से वर्चुअल माध्यम से प्रदेश को करोड़ों रुपए की अन्य विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे।

कैबिनेट मंत्री रविवार को नरवाना में आयोजित विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे।

**नरवाना रेलवे स्टेशन को 25 करोड़ की सौगात :** कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि इस ऐतिहासिक दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नरवाना वासियों को भी एक बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं और नवीनतम तकनीक से लैस नरवाना के ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण एवं विस्तारीकरण का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री करेंगे। केंद्रीय रेलवे मंत्रालय द्वारा 'अमृत भारत योजना' के तहत इस स्टेशन पर 25 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, जिससे इसे एक नया और भव्य स्वरूप मिला है।



**इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा जींद का नाम :** **संबोधन के दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा:** जिस प्रकार देश की पहली ट्रेन मुंबई से ठाणे के बीच चली थी और आज भी इतिहास के पन्नों में दर्ज है, ठीक उसी प्रकार भारत की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन का जींद से शुभारंभ भविष्य में इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अंकित हो जाएगा। यह पूरे प्रदेश के लिए बेहद गर्व का विषय है।

उन्होंने आगामी १७ जुलाई को जींद में होने वाली इस ऐतिहासिक रैली में क्षेत्रवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। खास बात यह रहेगी कि इस रैली में पेट्रोल-डीजल की खपत बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए ज्यादातर इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल पर फोकस किया जाएगा।

**तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारी मुस्तैद :** इससे पहले शनिवार शाम को कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना रेलवे स्टेशन का दौरा कर उद्घाटन समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तमाम व्यवस्थाएं समय रहते और पूरी गुणवत्ता के साथ मुकम्मल करने के कड़े निर्देश दिए।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान भाजपा प्रदेश सचिव सरोज सिहाग, ओमप्रकाश शर्मा, रिछपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष सत्यवान शर्मा, सुरेंद्र सरपंच (हाथो), दिनेश गोयल, सुरेंद्र प्रजापति, अशोक दनौदा, भीम दनौदा, सुनीता भ्याण, विनय मित्तल, अमित धरोदी, सुरेश पांचाल सहित नरवाना व उझाना खंड के तमाम पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा और जसवीर नैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# हांसी के 205 पोलिंग बूथों पर स्पेशल इलेक्शन कैंपः एसडीएम राजेश खोथ ने खुद संभाला मोर्चा!



जीत समाचार हांसी। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को हांसी विधानसभा क्षेत्र के सभी 205 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इस महा-अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अपडेटेड और त्रुटिरहित बनाना है।

**एसडीएम राजेश खोथ का ऑन-द-स्पॉट एक्शन :** निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम राजेश खोथ ने अभियान को गंभीरता से लेते हुए दिनभर विभिन्न मतदान केंद्रों का तूफानी दौरा किया। उन्होंने विशेष रूप से बूथ संख्या 95 से 108 तक का औचक निरीक्षण किया। मौके पर मुस्तैद बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश देते हुए एसडीएम ने कहा कि हर एक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित की जाए और पूरी पारदर्शिता के साथ गणना प्रपत्र भरवाए जाएं।

**कोई भी पात्र नागरिक न छूटेय घर-घर जा रही टीमें :** एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि इन विशेष शिविरों में हांसी की जनता का शानदार रिस्पॉन्स देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने फॉर्म जमा किए। उन्होंने कहा, मतदाता सूची को शत-प्रतिशत सही बनाने के लिए बीएलओ अब घर-घर जाकर भी नागरिकों से संपर्क कर रहे हैं, ताकि कोई भी योग्य मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। फॉर्म भरने में आ रही दिक्कतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है।

**हांसी वासियों से जरूरी अपील:** वोटर ध्यान दें। एसडीएम ने हांसी विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना गणना प्रपत्र नहीं भरा है, वे बिना किसी देरी के तुरंत अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क करें और आवश्यक दस्तावेज जमा करवाकर एक विश्वसनीय मतदाता सूची बनाने में अपना सहयोग दें।







# समावेशी जनता: समाज का अंतिम व्यक्ति

अक्सर 'जनता' शब्द में हम उन लोगों को भूल जाते हैं जो मुख्यधारा से दूर हैं। एक मजबूत राष्ट्र वही है जहाँ की 'जनता' का सबसे कमजोर व्यक्ति भी यह महसूस करे कि सिस्टम उसका है। स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय तक सभी की समान पहुँच ही लोकतंत्र की सफलता का असली पैमाना है। जब तक समाज के आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचती, तब तक 'जनता' का प्रतिनिधित्व अधूरा है।

निष्कर्ष : जनता ही इस देश की निर्माता है। सरकारें आती हैं और जाती हैं, लेकिन जनता का अस्तित्व और उसकी आकांक्षाएं शाश्वत हैं। आज के बदलते दौर में जनता को 'उपभोक्ता' के बजाय एक 'हितधारक' के रूप में अपनी भूमिका समझनी होगी।

संपादक की कलम से: लोकतंत्र का अर्थ केवल अधिकार माँगना नहीं है, बल्कि जिम्मेदारियों को निभाना भी है। नियम का पालन करना, टैक्स देना, पर्यावरण बचाना और सबसे बढ़कर, एक-दूसरे के प्रति संवेदनशीलता रखना - यही वह 'जनता' है जो देश को महान बनाती है। अंततः, सरकारें वही करती हैं जो जनता उनसे करवाना चाहती है। इसलिए, अपनी सोच को सशक्त करें, क्योंकि एक सशक्त जनता ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है।

कमल पवार




Samuh Samaj Sangathan (SSS)
अभी नही तो कभी नहीं
मानवता की रक्षा एवं सुरक्षित करने का मौका।
सच्चाई से देश सेवा।



मदद लेने और मदद देने के लिए सम्पर्क करें।
9803025111,7986209181,9872081907,9872177784,
7973368960
संगठन का Account No. 65022011000577
IFSC CODE : BKID0006502
BANK OF INDIA
PAYTM ACCOUNT NO.
9815599888,9988340624,9041090470

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# बठिंडा में इलेक्शन फॉर्म्स के डिजिटाइजेशन का काम जोरों परय डीसी राजेश धीमान ने जनता का जताया आभार!



जीत समाचार बठिंडा। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत लगे दो दिवसीय स्पेशल कैंपय बूथों पर उमड़ी भीड़। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बठिंडा जिले में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान के तहत चुनावी व गिनती के फॉर्म्स के डिजिटाइजेशन का काम पूरी रफ्तार से चल रहा है। डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी श्री राजेश धीमान ने बताया कि प्रशासन इस प्रक्रिया को पारदर्शी और हाईटेक बनाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

पोलिंग बूथों पर लगे स्पेशल कैंप, ठस्े ने संभाला मोर्चा : जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि शनिवार और रविवार, दोनों दिन जिले के सभी पोलिंग बूथों पर विशेष कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य योग्य मतदाताओं के लिए फहर्म भरने और उन्हें जमा करने की पूरी प्रक्रिया को बेहद आसान, त्वरित और सुविधाजनक बनाना था। सभी बूथों पर बूथ लेवल ऑफिसर सुबह से ही मुस्तैद रहे।

जनता के रिस्पहन्स से गदगद हुआ प्रशासन : इस अभियान में बठिंडा की जनता ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में लोग अपने फॉर्म्स को डिजिटल करवाने के लिए पोलिंग बूथों और बीएलओ के पास पहुंचे। जिला चुनाव अधिकारी ने इस शानदार सहयोग के लिए बठिंडा वासियों का दिल से धन्यवाद किया और ड्यूटी पर तैनात बीएलओ की लगन की भी सराहना की।

अगर आपका फॉर्म छूट गया है, तो तुरंत करें ये कामः जरूरी अपीलः जिला चुनाव अधिकारी राजेश धीमान ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई योग्य मतदाता अभी तक अपना फहर्म भरने या जमा करने से चूक गया है, तो वह बिना समय गंवाए तुरंत अपने संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क करे, ताकि इस विशेष डिजिटल अभियान का पूरा लाभ उठाया जा सके।

# बरनाला के 558 पोलिंग बूथों पर स्पेशल इलेक्शन कैंपय डीसी हरप्रीत सिंह की बड़ी अपील!


जीत समाचार बरनाला। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बरनाला जिले में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान के तहत मतदाता सूची में सुधार और फॉर्म्स को अपडेट करने का काम पूरी रफ्तार से चल रहा है। जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर श्री हरप्रीत सिंह ने बताया कि रविवार को जिले के सभी 558 पोलिंग बूथों पर विशेष शिविर आयोजित किए गए, जिसका जनता ने जमकर फायदा उठाया।

हर बूथ पर मौजूद रहे बीएनओ, आसान हुई प्रक्रिया : जिला चुनाव अधिकारी ने जानकारी दी कि इन स्पेशल कैंपों का मुख्य मकसद योग्य मतदाताओं के लिए फॉर्म भरने और उन्हें जमा करने की पूरी प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाना है। शनिवार और रविवार, दोनों दिन जिले के सभी निर्धारित पोलिंग बूथों पर बूथ लेवल ऑफिसर मुस्तैद रहे और मतदाताओं की हर संभव मदद की।

अफवाहों से रहें सावधान, कोई भी शंका हो तो डायल करें 1950 : डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह ने जिले के नागरिकों से एक बेहद महत्वपूर्ण अपील की है। उन्होंने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर चल रही किसी भी तरह की अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें। यदि किसी नागरिक को चुनाव प्रक्रिया या इस अभियान से जुड़ी कोई भी सटीक जानकारी चाहिए, तो वे सीधे चुनाव आयोग के टोल-फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

24 जुलाई से पहले निपटा लें यह जरूरी काम : डेडलाइन अलर्ट प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जो मतदाता किसी कारणवश अभी तक अपना एन्यूमरेशन फॉर्म नहीं भर पाए हैं, वे 24 जुलाई से पहले इसे भरकर अपने संबंधित ठस्े के पास जरूर जमा करवा दें, ताकि किसी भी योग्य नागरिक का वोट कटने से बच सके।




|| धर्मो रक्षति रक्षितः ||
ॐ
श्री हिंन्दू तख्त
सनातन धर्म सेवा संगठन
"धर्म की जड़ें
जितनी गहरी होती हैं,
उतना ही अडिग होता है
हमारा अस्तित्व।"
क्रांतिकारी तपस्वी
स्वामी धनंजय गिरी जी महाराज
राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हिन्दू तख्त एवं पीठाधीश्वर
सनातन न्याय पीठ
श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा
ॐ
श्री हिन्दू तख्त
आप भी हमारे संस्थान से जुड़े
संपर्क 9878910253 / 7889524055
धर्म की रक्षा
हमारा संकल्प
संस्कृति का उत्थान
हमारा उद्देश्य
समाज सेवा
हमारी पहचान
एकता, आस्था,
सेवा, संस्कार
हमारी पहचान

## फस्टे और जीहण में बताई एससी वर्ग की कल्याणकारी योजनाएं

# सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध लोक कलाकारों ने गीत-संगीत और नाटक के माध्यम से दी जानकारी




जीत समाचार नादौन(ब्यूरों) । अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने विशेष अभियान आरंभ किया है। इस अभियान के तहत विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दलों के लोक कलाकार नुक्कड़ नाटक और लोक गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

इसी कड़ी में विभाग से संबद्ध नटराज कला मंच के लोक कलाकारों ने रविवार वार को नादौन उपमंडल की ग्राम पंचायत फस्टे और ग्राम पंचायत चौड़ू के गांव जीहण में जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

नटराज कला मंच के प्रभारी राजीव जस्सल और अन्य लोक कलाकारों ने स्थानीय पहाड़ी बोली में लोगों को प्रदेश सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया तथा इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

ग्राम पंचायत फस्टे में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रधान राजेश कुमार , पंचायत सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जबकि, गांव जीहण में आयोजित कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य सविता ठाकुर, ग्राम पंचायत के प्रधान मनोज कुमार, उपप्रधान विजय कुमार, अशोक कुमार रीना कुमारी, राजेंद्र कुमार, उषा देवी, कविता कुमारी और गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## कांगड़ा में अमरनाथ यात्रियों की बस पलटी, 17 श्रद्धालु घायलय 4 की हालत गंभीर

जीत समाचार ब्यूरो, कांगड़ा/डमटाल। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के डमटाल क्षेत्र में रविवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा पेश आया है। यहाँ अमरनाथ यात्रा से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक निजी टूरिस्ट बस राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के वक्त बस में कुल 57 श्रद्धालु सवार थे। इस दुर्घटना में 17 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से 4 की हालत नाजुक बनी हुई है।

स्थानीय लोगों और पुलिस ने चलाया बचाव अभियानः हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर तुरंत स्थानीय लोग मदद के लिए आगे आए और पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस और आपातकालीन स्वास्थ्य टीमें मौके पर पहुंचीं। सभी ने मिलकर तुरंत युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया और घायल श्रद्धालुओं को बस से बाहर निकालकर सुरक्षित नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

4 गंभीर घायल टांडा मेडिकल कहलेज रेफरः अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, हादसे में घायल हुए 17 यात्रियों में से 4 श्रद्धालुओं की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

चालक-परिचालक फरार, जांच में जुटी पुलिस : घटना के तुरंत बाद बस का चालक और परिचालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। डमटाल पुलिस ने इस संबंध में लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक-परिचालक की धरपकड़ के लिए तलाश शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए मामले की गहनता से जांच कर रही है।

'जीत समाचार' परिवार बाबा बर्फानी से इस हादसे में घायल हुए सभी श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की प्रार्थना करता है।

# एसपी कांगड़ा का एक्शन मोडः भवारना थाना सहित थुरल व आलमपुर चौकियों का औचक निरीक्षण




जीत समाचार ब्यूरो, कांगड़ा/भवारना। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा पुलिसिंग को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कांगड़ा ने एक विशेष अभियान के तहत भवारना पुलिस स्टेशन, थुरल पुलिस चौकी और आलमपुर पुलिस चौकी का विस्तृत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्थाओं, अपराध नियंत्रण और लंबित पड़े मामलों की बारीकी से समीक्षा की।

पेंडिंग मामलों को जल्द निपटाने के कड़े निर्देश : दौरे के दौरान एसपी कांगड़ा ने तीनों थानों व चौकियों के रिकॉर्ड और लंबित जांच की प्रगति को खंगाला। उन्होंने कड़े लहजे में अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने त्वरित, पेशेवर और उच्च गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से सीधे बातचीत की और उनके कल्याण व कार्यप्रणाली से जुड़े मुद्दों की भी समीक्षा की।

पंचायत प्रतिनिधियों संग संवादः नशा मुक्त समाज पर जोर अपने दौरे के अंतर्गत एसपी कांगड़ा ने भवारना ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से। सार्वजनिक सुरक्षाः ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करना।

नशीली दवाओं का दुरुपयोगः युवाओं को नशे की गर्त से बचाने और ड्रग पैडलर्स पर नकेल कसना।

यातायात प्रबंधनः प्रमुख चौराहों और ग्रामीण मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करना।

पुलिस-जनता तालमेल से रुकेगा अपराध : एसपी कांगड़ा ने पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि समाज से अपराध और नशे को पूरी तरह खत्म करने के लिए पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल होना अनिवार्य है। उन्होंने समुदाय के प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति बनाए रखने और एक सुरक्षित, नशा-मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का सक्रिय रूप से सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# वीवीआईपी मूवमेंट में चस्पा नोटिसों पर भड़का मज्याठ वार्ड, नशे के खिलाफ भी छेड़ी मुहिम




जीत समाचार, शिमला। शिमला नगर निगम के मज्याठ वार्ड की मासिक बैठक रविवार को पार्षद अनिता शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में वार्ड के विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। स्थानीय निवासियों ने स्ट्रीट लाइट, पार्किंग, सामुदायिक भवन, सीवरेज, सड़क, बिजली-पानी और सीसीटीवी कैमरे जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने की मांग उठाई।

पार्किंग नोटिस को लेकर जनता में भारी रोष : बैठक में सबसे अधिक नाराजगी हाल ही में वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान नालागढ़ और न्यू टूटू मार्ग पर सड़क किनारे खड़े वाहनों पर पुलिस/प्रशासन द्वारा नोटिस चस्पा किए जाने को लेकर देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना था कि जब वार्ड में पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं है, तो लोग अपने वाहन कहाँ खड़े करें।

इस गंभीर मुद्दे पर पार्षद अनिता शर्मा ने जनता को भरोसा दिलाया कि इस विषय को मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली बोर्ड व लोक निर्माण विभाग के नजदीक प्रस्तावित पार्किंग निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र मांगा गया है, ताकि पार्किंग सुविधा के लिए जल्द सकारात्मक पहल हो सके।

सीवरेज कार्य की धीमी रफ्तार पर नाराजगी : बैठक में वार्ड के भीतर सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य की धीमी गति पर भी लोगों ने कड़ा ऐतराज जताया। पार्षद ने बताया कि संबंधित विभाग को निर्माण कार्य में तेजी लाने और इसे समय पर पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं ताकि जनता को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

बिजली-पानी के बढ़े बिल और अन्य विकास योजनाएं : स्थानीय लोगों ने बिजली और पेयजल की बढ़ी हुई दरों के अनुरूप सुविधाएं भी बढ़ाने की मांग रखी। इस पर पार्षद ने जानकारी दी कि क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा रहे हैं और नए पोल व कंडक्टर लगाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त:

सामुदायिक भवन: न्यू टूटू में लोक निर्माण विभाग उपमंडल कार्यालय के समीप सामुदायिक भवन के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है।

रोगी वाहन सड़कें: वार्ड में तीन एम्बुलेंस मार्ग विकसित किए जा रहे हैं। मज्याठ स्कूल तक लगभग 1.15 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण पूरा हो चुका है, जिसका जल्द लोकार्पण होगा। विजयनगर से शिवनगर तक कार्य प्रगति पर है, जबकि रेलवे स्टेशन जतोग से जतोग संपर्क मार्ग के लिए सरकार ने 2 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जिसका शिलान्यास शीघ्र किया जाएगा।

स्वच्छता और नशे के खिलाफ जनजागरण का आह्वान : बैठक के समापन पर पार्षद अनिता शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करने की अपील की। उन्होंने युवाओं और बच्चों को खेलकूद से जोड़ने की बात कहते हुए विशेष आग्रह किया कि वे 'चिट्टा' जैसे जानलेवा नशे से दूर रहें, स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनसहयोग से ही एक स्वस्थ, नशामुक्त और विकसित समाज का निर्माण संभव है।

# गदियाड़ा में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा का दौरा: जनसमस्याओं के समाधान को दी प्राथमिकता

## दिसंबर माह तक पूर्ण होगा 33 केवी सब-स्टेशन का निर्माण कार्य



जीत समाचार, पंचरुखी (अभिषेक, न्यूज एडिटर)। आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है और लोगों की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

मंत्री यादविंद्र गोमा आज पंचरुखी के अंतर्गत ग्राम पंचायत गदियाड़ा में आयोजित 'जनसमस्या निवारण कार्यक्रम' के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत संबोधित कर रहे थे।

विद्युत और पेयजल व्यवस्था पर विशेष जोर : गोमा ने बताया कि पंचरुखी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निर्माणाधीन 33 केवी सब-स्टेशन का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस सब-स्टेशन का निर्माण कार्य दिसंबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

पेयजल समस्या के समाधान पर चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि पलम क्षेत्र की 13 पंचायतों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति हेतु लगभग 32 करोड़ रुपये की लागत से चल रही पेयजल योजना को शीघ्र पूरा करने के कड़े निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए हैं। इस योजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को पर्याप्त एवं नियमित पेयजल सुविधा का लाभ मिलेगा।

सामुदायिक विकास के लिए नई घोषणाएं : सरकार द्वारा सामाजिक एवं सामुदायिक विकास कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता को दोहराते हुए, मंत्री ने स्थानीय मांग पर महिला मंडल को आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए 3 लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, गदियाड़ा में बच्चों के लिए एक आधुनिक पार्क का निर्माण करवाने की भी घोषणा की गई, ताकि उन्हें खेल एवं मनोरंजन की बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

स्थानीय लोगों ने जताया आभार : इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा का विशेष आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में पिछले लगभग दस वर्षों से लंबित सड़क के पक्कीकरण का कार्य पूरा होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की।



